
Think IAS...

दृष्टि The Vision

Think Drishti

बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC)

# बिहार पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा) प्रैक्टिस पेपर्स



दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम (Distance Learning Programme)

Code: BRPM10

बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC)

# बिहार पी.सी.एस.
# (प्रारंभिक परीक्षा)
# प्रैक्टिस पेपर्स

641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
दूरभाष : 011-47532596, 8750187501
टोल फ्री : 1800-121-6260
**Web :** www.drishtiIAS.com
**E-mail :** online@groupdrishti.com

पाठ्यक्रम, नोट्स तथा बैच संबंधी updates निरंतर पाने के लिये निम्नलिखित पेज को "like" करें
www.facebook.com/drishtithevisionfoundation
www.twitter.com/drishtiias

BPSC DLP

# विषय सूची (Contents)


1. प्रैक्टिस पेपर–1 5–28

2. प्रैक्टिस पेपर–2 29–53

3. प्रैक्टिस पेपर–3 54–76

4. प्रैक्टिस पेपर–4 77–100

5. प्रैक्टिस पेपर–5 101–124

6. प्रैक्टिस पेपर–6 125–149

7. प्रैक्टिस पेपर–7 150–174

प्रैक्टिस पेपर 1

# बी.पी.एस.सी. (प्रारंभिक परीक्षा)

1. जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ–
   (A) 13 अप्रैल, 1920 (B) 13 अप्रैल, 1919
   (C) 14 अप्रैल, 1920 (D) 14 अप्रैल, 1919
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
2. चटगाँव शास्त्रागार लूट से संबंधित थे–
   (A) राजेंद्र लाहिड़ी
   (B) भगत सिंह
   (C) अशफ़ाक उल्ला खाँ
   (D) सूर्य सेन
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
3. 'फिलॉसफी ऑफ द बॉम्ब' नामक दस्तावेज़ जारी किया–
   (A) भगत सिंह ने
   (B) भगवती चरण वोहरा ने
   (C) सचिंद्रनाथ सान्याल ने
   (D) चंद्रशेखर आज़ाद ने
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
4. किस अधिनियम द्वारा मुसलमानों के लिये पृथक् निर्वाचन मंडल का उपबंध किया गया?
   (A) 1909 का मार्ले मिंटो सुधार
   (B) 1919 का भारत सरकार अधिनियम
   (C) 1935 का भारत सरकार अधिनियम
   (D) 1892 का इंडियन काउंसिल अधिनियम
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
5. साइमन कमीशन का विरोध हुआ, क्योंकि–
   (A) इसका अध्यक्ष एक अंग्रेज़ था
   (B) भारतीयों को इस आयोग पर विश्वास नहीं था
   (C) कॉन्ग्रेस ने इसका विरोध किया था
   (D) इसमें कोई भी सदस्य भारतीय नहीं था
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
6. मुस्लिम लीग के किस अधिवेशन में पृथक पाकिस्तान की मांग का प्रस्ताव पारित हुआ?
   (A) लाहौर (B) इस्लामाबाद
   (C) कराची (D) अमृतसर
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
7. महाधिवक्ता निम्नलिखित में किसके प्रसादपर्यंत पद धारण करता है?
   (A) राष्ट्रपति (B) मुख्यमंत्री
   (C) राज्यपाल (D) प्रधानमंत्री
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
8. भारत का अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) विस्तृत है–
   (A) समुद्री सीमा से 100 समुद्री मील तक
   (B) समुद्री सीमा से 150 समुद्री मील तक
   (C) समुद्री सीमा से 200 समुद्री मील तक
   (D) समुद्री सीमा से 250 समुद्री मील तक
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
9. राष्ट्रीय आय की सर्वप्रथम गणना की थी–
   (A) महालनोबिस ने
   (B) वी.के.आर.वी. राव ने
   (C) दादाभाई नौरोजी ने
   (D) प्रो. सेराय ने
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
10. राष्ट्रीयकरण के बाद इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया को नाम दिया गया–
   (A) भारतीय रिज़र्व बैंक
   (B) बैंक ऑफ इंडिया
   (C) भारतीय ओवरसीज बैंक
   (D) भारतीय स्टेट बैंक
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (D) | 3. (B) | 4. (A) | 5. (D) | 6. (A) | 7. (C) | 8. (C) | 9. (C) | 10. (D) |
| 11. (D) | 12. (C) | 13. (C) | 14. (B) | 15. (D) | 16. (A) | 17. (B) | 18. (B) | 19. (C) | 20. (D) |
| 21. (B) | 22. (A) | 23. (C) | 24. (B) | 25. (D) | 26. (A) | 27. (B) | 28. (C) | 29. (B) | 30. (C) |
| 31. (D) | 32. (C) | 33. (B) | 34. (D) | 35. (C) | 36. (B) | 37. (C) | 38. (B) | 39. (C) | 40. (C) |
| 41. (A) | 42. (B) | 43. (C) | 44. (A) | 45. (B) | 46. (D) | 47. (A) | 48. (B) | 49. (C) | 50. (C) |
| 51. (D) | 52. (B) | 53. (C) | 54. (B) | 55. (D) | 56. (D) | 57. (C) | 58. (C) | 59. (C) | 60. (A) |
| 61. (B) | 62. (C) | 63. (C) | 64. (A) | 65. (B) | 66. (A) | 67. (C) | 68. (D) | 69. (B) | 70. (C) |
| 71. (B) | 72. (C) | 73. (A) | 74. (A) | 75. (D) | 76. (B) | 77. (D) | 78. (A) | 79. (A) | 80. (B) |
| 81. (B) | 82. (A) | 83. (D) | 84. (D) | 85. (B) | 86. (C) | 87. (D) | 88. (A) | 89. (B) | 90. (D) |
| 91. (A) | 92. (B) | 93. (B) | 94. (D) | 95. (D) | 96. (D) | 97. (C) | 98. (D) | 99. (A) | 100. (A) |
| 101. (C) | 102. (A) | 103. (D) | 104. (B) | 105. (B) | 106. (D) | 107. (A) | 108. (B) | 109. (C) | 110. (B) |
| 111. (A) | 112. (A) | 113. (B) | 114. (A) | 115. (C) | 116. (B) | 117. (A) | 118. (A) | 119. (D) | 120. (B) |
| 121. (B) | 122. (A) | 123. (B) | 124. (C) | 125. (C) | 126. (B) | 127. (B) | 128. (B) | 129. (B) | 130. (A) |
| 131. (B) | 132. (B) | 133. (C) | 134. (A) | 135. (D) | 136. (B) | 137. (B) | 138. (D) | 139. (D) | 140. (B) |
| 141. (B) | 142. (A) | 143. (C) | 144. (B) | 145. (A) | 146. (B) | 147. (D) | 148. (C) | 149. (B) | 150. (D) |

## व्याख्या

1. (B) जलियाँवाला बाग हत्याकांड 13 अप्रैल, 1919 को हुआ था। इसका संबंध रौलेट एक्ट के विरोध में हुए आंदोलन से है। इस कानून के तहत दो स्थानीय नेताओं डॉ. सैफुद्दीन किचलू और सत्यपाल को गिरफ्तार कर लिया गया था। गिरफ्तारी के विरोध में 13 अप्रैल, 1919 (वैशाखी के दिन) को जलियाँवाला बाग में एक शांतिपूर्ण विरोध सभा का आयोजन किया गया। पंजाब के तत्कालीन जनरल डायर ने बिना किसी पूर्व सूचना के इस सभा पर गोलियाँ चलवा दीं। इस हत्याकांड की जाँच के लिये कॉन्ग्रेस ने मदन मोहन मालवीय की अध्यक्षता में एक जाँच समिति गठित की थी।
2. (D) 'सूर्य सेन' चटगाँव शस्त्रागार लूट से संबंधित थे। 1930-31 में बंगाल के सूर्य सेन (मास्टर दा) ने अंग्रेज़ों के विरुद्ध एक प्रबल क्रांतिकारी आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने एक इंडियन रिपब्लिकन आर्मी का गठन किया और चटगाँव शस्त्रागार पर आक्रमण कर हथियारों पर कब्जा कर लिया। 1933 में सूर्य सेन को गिरफ्तार कर फाँसी दे दी गई।
3. (B) 'फिलॉसफी ऑफ द बॉम्ब' नामक दस्तावेज़ भगवती चरण वोहरा ने जारी किया।
4. (A) मुसलमानों के लिये पृथक् निर्वाचन मंडल का प्रावधान 1909 के अधिनियम में किया गया था। यह अंग्रेज़ों की 'फूट डालो और शासन करो' नीति का ही हिस्सा था। 1919 के अधिनियम में सिक्खों और आंग्ल भारतीयों के लिये भी पृथक् निर्वाचन मंडल का प्रावधान जोड़ दिया गया।
5. (D) 1919 के अधिनियम की समीक्षा के लिये 1927 में एक आयोग गठित किया गया, जिसके अध्यक्ष सर जॉर्ज साइमन थे। इस कमीशन में सात सदस्य थे लेकिन इनमें कोई भी भारतीय नहीं था। इसी कारण इसका देशव्यापी विरोध हुआ। लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने इसका विरोध किया।
6. (A) 1940 के लाहौर अधिवेशन में पहली बार मुस्लिम लीग ने पृथक् पाकिस्तान की मांग को औपचारिक रूप से मान लिया। लीग के इस अधिवेशन के अध्यक्ष मु. अली जिन्ना थे।
7. (C) राज्य सरकार को कानूनी मामलों में सलाह देने के लिये महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) होता है। यह भारत के महान्यायवादी के समान राज्य का अधिकारी

प्रैक्टिस पेपर **2**

# बी.पी.एस.सी. (प्रारंभिक परीक्षा)

1. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी गंगा के बाएँ तरफ से नहीं मिलती है?
   (A) गोमती (B) घाघरा
   (C) सोन (D) महागंगा
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
2. सफेद सागर (White sea) अवस्थित है–
   (A) ग्रीनलैंड (B) अमेरिका
   (C) रूस (D) फिनलैंड
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
3. एल्बेंडाजोल की खुराक दी जाती है–
   (A) बच्चों में पेट के कीड़ों को मारने के लिये
   (B) तपेदिक से राहत के लिये
   (C) एड्स से रोकथाम
   (D) जन्म दर को नियंत्रित करने के लिये
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
4. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही नहीं है?
   (A) शरीर में चकत्ते पड़ जाना होना स्कर्वी के लक्षणों में शामिल है।
   (B) दूध में विटामिन 'बी' नहीं होता है।
   (C) विटामिन 'ए' की कमी के कारण त्वचा शुष्क तथा शल्की हो जाती है।
   (D) विटामिन-बी (थायमिन) के अभाव के कारण हृदयाघात हो सकता है।
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक।
5. निम्नलिखित में से कौन एक प्रकाश रसायनी धूम्र कोहरा नहीं कहलाता है?
   (A) ओज़ोन
   (B) हाइड्रोकार्बन
   (C) क्लोरो-फ्लोरो-कार्बन
   (D) नाइट्रोजन-डाइऑक्साइड
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
6. पंचायतों से संबंधित उपबंध है–
   (A) अनुच्छेद 226 (B) अनुच्छेद 243
   (C) अनुच्छेद 240 (D) अनुच्छेद 219
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
7. लोकसभा अध्यक्ष अपना त्यागपत्र देता है–
   (A) भारत के प्रधानमंत्री को
   (B) राष्ट्रपति को
   (C) लोकसभा के उपाध्यक्ष को
   (D) उपराष्ट्रपति को
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
8. भारत में रुपए का अवमूल्यन पहली बार कब किया गया?
   (A) 1949 (B) 1990
   (C) 1972 (D) 1966
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
9. निम्नलिखित में से किसने अहमदाबाद टैक्सटाइल लेबर एसोसिएशन की स्थापना की?
   (A) महात्मा गांधी (B) जे.बी. कृपलानी
   (C) एन.एम. जोशी (D) सरदार बल्लभ भाई पटेल
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
10. मुगल प्रशासन में 'मदद-ए-माश' का क्या तात्पर्य था?
    (A) चुंगी पर कर
    (B) बुवाई कर
    (C) दान में दी जाने वाली राजस्व मुक्त भूमि
    (D) सैन्य अधिकारियों का वेतन
    (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक
11. द्वितीय गोलमेज़ सम्मेलन में कॉन्ग्रेस का प्रतिनिधित्व किसने किया?
    (A) जवाहरलाल नेहरू (B) मोतीलाल नेहरू
    (C) महात्मा गांधी (D) बी. आर. अंबेडकर
    (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

प्रैक्टिस पेपर 3

# बी.पी.एस.सी. (प्रारंभिक परीक्षा)

1. विश्व में द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) के सबसे बड़े आयातक और निर्यातक देश हैं–
   (A) कतर, जापान
   (B) जापान, कतर
   (C) दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया
   (D) कतर, भारत
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

2. मर्चेंट डिस्काउंट रेट अदा किया जाता है–
   (A) उपभोक्ता द्वारा
   (B) व्यापारी द्वारा
   (C) बैंक द्वारा
   (D) सरकार द्वारा
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

3. इनमें से कौन द्वितीयक प्रदूषक नहीं है?
   (A) धूम कोहरा
   (B) $H_2O_2$
   (C) $HNO_3$
   (D) $SO_2$
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

4. किस झील का पानी लाल है?
   (A) बासुकी ताल
   (B) रूपकुंड
   (C) अप्सरा ताल
   (D) हेमकुंड
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

5. अश्रु ग्रंथि (Lachrymal Gland) का क्रियाशील न होना किस विटामिन की कमी से होता है?
   (A) विटामिन-डी (B) विटामिन-ए
   (C) विटामिन-ई (D) विटामिन-के
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

6. कोलेस्ट्रॉल है एक–
   (A) विटामिन (B) प्रोटीन
   (C) एंजाइम (D) स्टीरॉयड
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

7. 'नॉक-नी संलक्षण' किसके द्वारा शरीर में अत्यधिक संग्रहण से होता है?
   (A) सीसे के प्रदूषण से
   (B) पारे के प्रदूषण से
   (C) संखिया के प्रदूषण से
   (D) फ्लोराइड के प्रदूषण से
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

8. निम्नलिखित गैस-युग्मों में से किसका मिश्रण खानों में अधिकतर होने वाले विस्फोटकों का कारण है?
   (A) हाइड्रोजन एवं ऑक्सीजन
   (B) कार्बनडाईऑक्साइड एवं मीथेन
   (C) मीथेन एवं वायु
   (D) ऑक्सीजन एवं एसीटिलीन
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

9. संविधान के मूल ढाँचे का सिद्धांत प्रतिपादित किया गया–
   (A) गोलकनाथ केस में
   (B) मेनका गांधी केस में
   (C) ए.के. गोपालन केस में
   (D) केशवानंद भारती केस में
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

10. शहीद और स्वराज द्वीप थे–
    (A) अंडमान और निकोबार
    (B) लक्षद्वीप और अमीनीद्वीप
    (C) निकोबार और अंडमान
    (D) अमीनीद्वीप और लक्षद्वीप
    (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

प्रैक्टिस पेपर 4

# बी.पी.एस.सी. (प्रारंभिक परीक्षा)

1. निम्नलिखित में से किस राज्य में सड़कों की सर्वाधिक लंबाई है?
   (A) ओडिशा (B) आंध्र प्रदेश
   (C) उत्तर प्रदेश (D) महाराष्ट्र
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक।
2. पृथ्वी के गर्भ में सर्वाधिक पाई जाने वाली धातुएँ कौन-सी हैं?
   (A) ताँबा व जस्ता
   (B) ताँबा व लोहा
   (C) लोहा व एल्युमीनियम
   (D) एल्युमीनियम व सिलिकन
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक।
3. निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिये, जिससे कर्क रेखा होकर गुज़रती है–
   (A) छत्तीसगढ़ एवं मिज़ोरम
   (B) उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश
   (C) राजस्थान एवं ओडिशा
   (D) उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक।
4. निम्नलिखित में से कौन-सा एक अंटार्कटिक क्षेत्र में ओज़ोन छिद्र बनने का सही कारण हो सकता है?
   (A) विशिष्ट क्षोभमंडलीय विक्षोभ की उपस्थिति तथा क्लोरोफ्लोरो कार्बनों का अंतर्वाह।
   (B) समतापमंडलीय बादलों की अनुपस्थिति तथा मीथेन का अंतर्वाह।
   (C) विशिष्ट ध्रुवीय वाताग्र तथा समतापमंडलीय बादलों की उपस्थिति तथा क्लोरोफ्लोरो कार्बनों का अंतर्वाह
   (D) वैश्विक तापन से ध्रुवीय प्रदेशों में हुई तापमान में वृद्धि।
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक।
5. 'पेट्रो' क्या है?
   (A) एक पेट्रोलियम पदार्थ
   (B) एक डिजिटल करेंसी
   (C) मध्य पूर्व का एक स्थल
   (D) एक फिएट करेंसी
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक।
6. आर्थिक सर्वेक्षण पब्लिश किये जाते हैं–
   (A) नीति आयोग द्वारा (B) भारत सरकार द्वारा
   (C) वित्त मंत्रालय द्वारा (D) गृह मंत्रालय द्वारा
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक।
7. निम्नलिखित में से कौन-एक निष्क्रिय गैसों (Noble Gases) का सही विकल्प नहीं है?
   (A) हीलियम, फ्रियान, ऑर्गन, अमोनिया
   (B) क्रिप्टॉन, जीनॉन, रेडॉन, निऑन
   (C) हीलियम, ऑर्गन, निऑन, क्रिप्टॉन
   (D) रेडॉन, निऑन, हीलियम, ऑर्गन
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक।
8. पौधों के कौन-से भाग से फूल का विकास होता है?
   (A) पत्ते (B) तना
   (C) शाखा (D) जड़
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक।
9. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिये:

| **सूची–I (अनुच्छेद)** | **सूची–II (प्रावधान/विषय)** |
|---|---|
| a. अनुच्छेद 36 | 1. संशोधन प्रक्रिया |
| b. अनुच्छेद 74 | 2. मंत्रिपरिषद |
| c. अनुच्छेद 110 | 3. धन विधेयक |
| d. अनुच्छेद 368 | 4. नीति निदेशक तत्त्व |

प्रैक्टिस पेपर 5

# बी.पी.एस.सी. (प्रारंभिक परीक्षा)

1. निम्नलिखित में कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| (दर्रा) | | (राज्य) |
|---|---|---|
| (A) पाल घाट | – | तमिलनाडु |
| (B) जैलेप्ला | – | सिक्किम |
| (C) शिपकीला | – | हिमाचल प्रदेश |
| (D) माना दर्रा | – | जम्मू-कश्मीर |

(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

2. फारस की खाड़ी से संबंधित देश हैं-
(A) सऊदी अरब, यूएई, यमन, ओमान
(B) ईरान, यूएई, कुवैत, ओमान
(C) सऊदी अरब, यमन, इराक, पाकिस्तान
(D) कुवैत, बहरीन, इराक, यमन
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

3. भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र उच्च तीव्रता की भूकंपीय मेखला में नहीं आता है?
(A) उत्तराखंड (B) हिमाचल प्रदेश
(C) कर्नाटक पठार (D) कच्छ
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

4. साहेल क्षेत्र स्थित है-
(A) एशिया (B) दक्षिण अमेरिका
(C) अफ्रीका (D) यूरोप
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

5. किसने कहा था, "कॉन्ग्रेस पतन के लिये लड़खड़ा रही है, मेरी सबसे बड़ी अभिलाषा, जब तक मैं भारत में हूँ, कॉन्ग्रेस की शांतिपूर्ण समाप्ति में सहयोग करना हैं?"
(A) जॉर्ज हैमिल्टन (B) लॉर्ड कर्जन
(C) लॉर्ड डफरिन (D) लॉर्ड मिंटो
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

6. जब भारतीय रिज़र्व बैंक नकदी रिज़र्व अनुपात में वृद्धि की घोषणा करता है तो इसका तात्पर्य क्या है?
(A) वाणिज्य बैंकों के पास उधार देने के लिये कम मुद्रा होगी।
(B) केंद्र सरकार के पास उधार देने के लिये कम मुद्रा होगी।
(C) भारतीय रिज़र्व बैंक के पास उधार देने के लिये कम मुद्रा होगी।
(D) वाणिज्य बैंकों के पास उधार देने के लिये अपेक्षाकृत अधिक मुद्रा होगी।
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

7. भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण का अग्रदूत (पायनियर) किसको कहा जाता है?
(A) प्रणब मुखर्जी (B) डॉ. बिमल जालान
(C) डॉ. मनमोहन सिंह (D) पी. चिंदबरम
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

8. अखिल भारतीय सेवाओं का प्रावधान किया गया है-
(A) अनुच्छेद 310 (B) अनुच्छेद 312
(C) अनुच्छेद 311 (D) अनुच्छेद 315
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

9. भारत की विधानपालिका प्रथम बार द्विसदनीय कब बनाई गई?
(A) 1892 के भारतीय परिषद अधि. द्वारा
(B) 1909 के भारतीय शासन अधि. द्वारा
(C) 1919 के भारतीय शासन अधि. द्वारा
(D) 1935 के भारतीय शासन अधि. द्वारा
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

10. निजता का अधिकार है-
(A) संवैधानिक अधिकार (B) मूल अधिकार
(C) विधिक अधिकार (D) सामान्य अधिकार
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

प्रैक्टिस पेपर 6

# बी.पी.एस.सी. (प्रारंभिक परीक्षा)

1. 'सी-यू-की' की रचना निम्नलिखित में से किसने की है?
(A) संयुगन (B) ह्वेनसांग
(C) इत्सिंग (D) फाह्यान
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

2. वैदिक देवता मित्र, वरुण, इंद्र और नासत्य के नाम निम्नलिखित में से किस अभिलेख में हैं?
(A) हाथीगुंफा (B) मंदसौर
(C) बोगाजकोई (D) सोहगौरा
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

3. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनिये:

| सूची-I (अधिनियम) | सूची-II (गवर्नर जनरल) |
|---|---|
| (a) नैटिव मैरिज एक्ट | 1. एलनबरो |
| (b) एज ऑफ कसेंट एक्ट | 2. इरविन |
| (c) शारदा एक्ट | 3. नॉर्थ ब्रुक |
| (d) दास प्रथा | 4. लैंस डाउन |

कूट:

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

4. गंडक नदी को नेपाल में किस नाम से जाना जाता है?
(A) नारायणी (B) शालिग्राम
(C) सांपू (D) दिहांग
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

5. पूर्वी भारत में 'नारवेस्टर' एवं बंगाल में 'काल वैशाखी' के नाम से क्या जानी जाती हैं?
(A) आर्द्र हवाएँ (B) शीतल हवाएँ
(C) चक्रवात (D) पछुवा पवनें
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

6. संविधान के किस अनुच्छेद में मंत्रिपरिषद का उल्लेख किया गया है?
(A) अनुच्छेद 76 (B) अनुच्छेद 53
(C) अनुच्छेद 64 (D) अनुच्छेद 74
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

7. H1N1 विषाणु प्राय: समाचारों में निम्नलिखित में से किस एक बीमारी के संदर्भ में उल्लेख किया जाता है?
(A) डेंगू (B) एड्स
(C) स्वाइन फ्लू (D) बर्ड फ्लू
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

8. सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत निम्नलिखित में से कौन-सा विषय सम्मिलित नहीं है?
(A) दस्तावेज़ों और रिकॉर्ड का निरीक्षण
(B) प्रतिलिपि
(C) नीति निर्धारण
(D) रिकॉर्ड की प्रतिलिपि
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

9. निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक कर्त्तव्य के बारे में सही नहीं है?
(A) सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखें।
(B) प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और उसका संवर्द्धन करें।
(C) देश की रक्षा करें।
(D) माता-पिता या संरक्षक द्वारा 7 से 14 वर्ष के बच्चों हेतु प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना (87वाँ संशोधन)।
(E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

प्रैक्टिस पेपर 7

# बी.पी.एस.सी. (प्रारंभिक परीक्षा)

1. संविधान में किस भाग व अनुसूची को जोड़कर वर्ष 1992 के 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायतों को संवैधानिक मान्यता प्रदान की गई?
   (A) भाग 10, अनुसूची-9
   (B) भाग 11, अनुसूची-9
   (C) भाग 9, अनुसूची-11
   (D) भाग 7, अनुसूची-11
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

2. धन विधेयक के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
   (A) यह केवल लोकसभा में ही पुर:स्थापित किया जा सकता है।
   (B) यह केवल राष्ट्रपति की सिफारिश के बाद ही पुर:स्थापित किया जा सकता है।
   (C) यह केवल एक मंत्री द्वारा ही पुर:स्थापित किया जा सकता है।
   (D) इसे राज्यसभा द्वारा संशोधित या अस्वीकृत किया जा सकता है।
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

3. निम्नलिखित में से किसने 'सोम प्रकाश' नामक समाचार-पत्र शुरू किया है?
   (A) सुरेंद्र नाथ बनर्जी (B) ईश्वरचंद्र विद्यासागर
   (C) दयानंद सरस्वती (D) राजा राममोहन राय
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

4. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा उनके नीचे दिये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| **सूची-I (घटनाक्रम)** | **सूची-II (वर्ष)** |
|---|---|
| (a) चंपारण सत्याग्रह | 1. 1918 |
| (b) जलियाँवाला बाग हत्याकांड | 2. 1919 |
| (c) चौरीचौरा कांड | 3. 1917 |
| (d) अहमदाबाद मिल हड़ताल | 4. 1922 |

कूट:

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. एंटीबायोटिक कोई रासायनिक पदार्थ नहीं है।
   2. एंटीबायोटिक का निर्माण सूक्ष्मजीवियों द्वारा नहीं होता है।
   3. एंटीबायोटिक अन्य सूक्ष्मजीवियों की वृद्धि को मंद करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (A) केवल 1 (B) केवल 2
   (C) केवल 1 और 2 (D) केवल 3
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

6. न्यायिक व्यवस्था की शृंखला में उच्च न्यायालयों के पश्चात् किन न्यायालयों का स्थान आता है?
   (A) फास्ट ट्रैक अदालतें (B) लोक अदालतें
   (C) अधीनस्थ न्यायालय (D) पंचायती अदालतें
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

7. राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के संदर्भ में कौन-सा कथन असत्य है?
   (A) सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री की सलाह पर की जाती है।
   (B) आधे सदस्यों को केंद्र सरकार या राज्य सरकार के प्रशासनिक सेवा या लोक सेवाओं का दस वर्ष का कार्य अनुभव होना आवश्यक है।
   (C) आयोग का वरिष्ठ सदस्य अध्यक्ष बनाया जाता है।
   (D) इनका कार्यकाल 5 वर्ष होता है।
   (E) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

# डी.एल.पी. बुकलेट्स की विशेषताएँ

- आयोग के नवीनतम पैटर्न पर आधारित अध्ययन सामग्री।
- पैराग्राफ, बुलेट फॉर्म, सारणी, फ्लोचार्ट तथा मानचित्र का उपयुक्त समावेश।
- विषयवस्तु की सरलता, प्रामाणिकता तथा परीक्षा की दृष्टि से उपयोगिता पर विशेष ध्यान।
- क्विक रिवीजन हेतु प्रत्येक अध्याय में महत्त्वपूर्ण तथ्यों का संकलन।
- प्रत्येक अध्याय के अंत में विगत वर्षों में पूछे गए एवं संभावित प्रश्नों का समावेश।


**Website : www.drishtiIAS.com**
**E-mail : online@groupdrishti.com**

DrishtiIAS

YouTube Drishti IAS

drishtiias

drishtithevisionfoundation

**641, First Floor, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009**
**Phones : 011-47532596, +91-8130392354, 813039235456**